तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 25 मार्च 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 जनदर्शन में किसी ने पीएम आवास तो कोई अतिक्रमण हटाने लगाई गुहार



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## किसी का रकबा शून्य तो किसी का नाम ही गायब

# साफ्टवेयर में त्रुटि ने बढ़ाई परेशानी आईडी बनवाने भटक रहे किसान

## च्वाईस सेंटर से लेकर पटवारी व तहसील कार्यालय का लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारत सरकार की मंशा अनुसार आधार कार्ड की तर्ज पर किसान कार्ड बनाने का काम हो रहा है, लेकिन साफ्टवेयर में त्रुटि के चलते किसान आईडी बनवाना जिले के किसानों के लिए सिरदर्द बन गया है। दरअसल जिस साफ्टवेयर के माध्यम से किसान आईडी बनाया जा रहा है, उसमें रकबा और खसरा नंबर में भारी त्रुटि है। खास करके सामूहिक खातेदार में और भी परेशानी है। स्थिति यह है कि किसी का रकबा कम दिखा रहा है तो किसी का शुन्य दर्ज है। ऐसे में किसान च्वाईस सेंटर से लेकर पटवारी और तहसील कार्यालय का चक्कर लगाते भटक रहे है।

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार इन दिनों किसान आईडी बनाने का काम जोर शोर से चल रहा है। बताया जाता है कि आधार कार्ड की तर्ज पर किसानों को एक पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा। जिसके आधार पर उन्हें केन्द्र और राज्य सरकार की किसान योजनाओं का लाभ मिलेगा। यह किसान आईडी किसानों के कृषि भूमि के दस्तावेजों के आधार पर बनाए जा रहे है। विभागीय जानकारी के मुताबिक किसान आईडी बनाने के लिए शासन द्वारा एक साफ्टवेयर तैयार किया गया है। जिसमें भुईया में दर्ज कृषि भूमि और भू स्वामी के रिकार्ड को अपलोड किया गया है, लेकिन इसमें जिस तरह की त्रुटि नजर आ रही है, उसने आईडी बनवाने वाले किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। बताया जाता है कि किसान आईडी बनवाने के लिए च्वाईस सेंटर में पहुंच रहे है तो उनके नाम के आगे जो खसरा नंबर दिखाया जा रहा है, उसमें किसी का रकबा कम हो गया है, तो किसी का शून्य ही बता रहा है। इतना ही नहीं कईयों के तो नाम तक गायब हो गए है। ऐसी स्थिति में किसान त्रुटि सुधरवाने के लिए पटवारी कार्यालय पहुंच रहे है। स्थिति यह है कि पटवारी कार्यालय में सुबह से शाम तक किसानों की भीड़ लगी होती है। ज्यादातर शिकायतें सामूहिक खाता और फौती नामांतरण वाले खातों में बताया जा रहा है। किसान आईडी बनाने के लिए शासन द्वारा एक साफ्टवेयर तैयार किया गया है। जिसमें भुईया में दर्ज कृषि भूमि और भू स्वामी के रिकार्ड को अपलोड किया गया है, लेकिन इसमें जिस तरह की त्रुटि नजर आ रही है, उसने आईडी बनवाने वाले किसानों की परेशानी बढ़ा दी है।




### तहसीलवार किसान आईडी रजिस्ट्रेशन के आंकड़े

| तहसील | लक्ष्य | कुल पंजीयन | लंबित |
|---|---|---|---|
| अकलतरा | 22151 | 10074 | 12077 |
| बलौदा | 14403 | 8325 | 6078 |
| बम्हनीडीह | 9912 | 6380 | 3532 |
| चांपा | 2953 | 2185 | 768 |
| जांजगीर | 16452 | 10841 | 5611 |
| नवागढ़ | 13909 | 9705 | 4204 |
| पामगढ़ | 26479 | 17848 | 8631 |
| सारागांव | 10666 | 5821 | 4845 |
| शिवरीनारायण | 11599 | 8062 | 3537 |

### कराया गया है अवगत

किसान आईडी कार्ड बनाने के दौरान संयुक्त खातों में ज्यादा दिक्कतें आ रही है। इस समस्या को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। कार्ड बनाने का काम च्वाईस सेंटरों के माध्यम से किया जा रहा है।

-विनय पटेल,
अधीक्षक
भू अभिलेख जांजगीर चांपा

# युवक की हत्या मामले में दो अपचारी बालक गिरफ्तार

## खंभाले गए थे 150 सीसी टीवी फुटेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ -चांपा

युवक की धारदार हथियार से हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं मामले के एक अन्य अपचारी बालक अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। घटना सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम अफरीद की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दौरान विवेचना के साइबर सेल द्वारा घटना स्थल अफरीद सारागांव से रायगढ़, चा म्पा, जांजगीर जाने वाले रास्ते के लगभग 150 से अधिक सी सी टी वी फुटेज चेक किया गया। अज्ञात आरोपी के आने व जाने वाले रास्ते को चिन्हांकित किया गया सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संभावित क्षेत्र में सक्रीय मुखबीर लगाया गया। मुखबिर से सूचना मिला कि घटना घटित करने में विधि से संघर्षरत अपचारी बालक शामिल है। जिसको सुरक्षार्थ बारीकी से घटना के संबंध में पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया। जिस पर उसने बताया कि 17 मार्च की रात्रि करीबन 12:30 बजे आपस में सलाह होकर सारागांव तरफ से गाडी चलाकर घुम फिरकर आते हैं कहकर निकले थे। कार से घठोली चौक तरफ होते हुये एनएच 49 अफरीद सारागांव की ओर गये सारागांव रोड में स्थित ढाबा से कुछ दूर आगे मेनरोड पर गये फिर वहां से कार को मोडकर वापस ग्राम अफरीद मोड एन.एच. 49 के पास पहुंचे। वहीं पर कार को रोककर प्रसाधन के लित उतरे, वहीं एक व्यक्ति पैदल जा रहा था। इस दौरान उसने गाली गलौज की। तब आवेश में आकर हमारे द्वारा आंगन कुमार उम्र 42 वर्ष की धारदार हथियार से मारपीट कर हत्या कर दी। घटना सोमवार 17 मार्च की दरमियानी रात की है। प्रकरण में डॉक्टर द्वारा शार्ट पीएम रिपोर्ट पेश किया गया, जिसमें युवक की मृत्यु धारदार हथियार से मारपीट कर हत्या करते पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। विवेचना दौरान दोनों विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक के विरुद्ध अपराध घटित करना जुर्म स्वीकार किए जाने से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया जाकर 24 मार्च को किशोर न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण में एक अन्य विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक भी शामिल है, जिसकी पतासाजी जारी है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विवेक शुक्ला के निर्देशन में साइबर टीम जांजगीर व थाना सारागांव पुलिस द्वारा तत्काल घटना स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया जाकर मर्ग जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया जाकर शव पीएम कराया गया था। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सावन कुमार सारथी थाना प्रभारी सारागांव, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक पारस पटेल, सायबर टीम सउनि विवेक सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, प्रधान आरक्षक विवेक सिंह, आरक्षक गिरीश कश्यप, रोहित कहरा, प्रदीप दुबे, शाहबाज खान थाना सारागांव सउनि राजेश सिंह प्रधान आर राजेश कोशले का योगदान रहा

**खास बात**
- सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम अफरीद का मामला




## खबर संक्षेप

### संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती आज

**सक्ती।** नगर पालिका शक्ति के सामुदायिक भवन में 25 मार्च मंगलवार को सुबह 11 से महा आरती एवं शोभा यात्रा के साथ संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। आयोजन की तैयारी को लेकर साहू समाज के लोग जुटे हुए हैं। साथी अधिक से अधिक संख्या में साहू समाज से जुड़े लोगों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अपील किया गया है।

### कलशयात्रा निकालकर आज मनाई जाएगी माता कर्मा जयंती

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पेंड्री के साहू समाज भवन में मंगलवार 25 मार्च को सुबह 11 से महा आरती एवं कलश यात्रा के साथ संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। आयोजन के संबंध में ग्राम पेंड्री के अंतराम साहू ने बताया कि 25 मार्च दिन मंगलवार को सुबह 11:00 बजे से साहू समाज भवन पेंड्री में महा आरती एवं कलश यात्रा के साथ संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद करमा नृत्य जस जागरण झांकी पार्टी कोरबा के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। उसके बाद सामाजिक बंधुओं का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर साहू समाज पेंड्री के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### बढ़ती गर्मी के साथ उल्टी दस्त के मरीज पहुंच रहे हैं अस्पताल

**जांजगीर-चांपा।** तेज गर्मी के साथ-साथ तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों का स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है। जिसके चलते उल्टी दस्त एवं डायरिया से प्रभावित मरीज भी बढ़ रहे हैं। खासकर जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल जांजगीर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भी भारी भीड़ मरीजों की देखी जा रही है। जांजगीर के जिला अस्पताल में रोजाना 350 के करीब मरीज उपचार करने के लिए पहुंचते हैं। ओपीडी में 300 से 350 मरीज उपचार करने ऑनलाइन पंजीयन भी करते हैं। इसके अलावा सर्दी, जुकाम, बुखार मलेरिया, टाइफाइड, पीलिया सहित अन्य बीमारियों से प्रभावित मरीज रोजाना जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज कराने जा रहे हैं।

### सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 30 मार्च को

**जांजगीर-चांपा।** सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति एवं सतनामी समाज की बैठक सतनाम भवन गुरु घासीदास स्मारक स्थल एवं मिनीमाता सभा स्थल लछनपुर केराझरिया चांपा में 20 मार्च को परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा आरती का प्रारंभ की गई बैठक में रविवार 30 मार्च सतनामी युवक युवती परिचय सम्मेलन की समीक्षा तैयारी की गई। अध्यक्ष सुखराम मधुकर ने बताया कि सतनामी युवक युवती परिचय सम्मेलन 30 मार्च को सुबह 10 बजे से शारदा मंगलम जांजगीर में विवाह योग्य युवक युवती प्रतिभागी, परिजन एवं समाज के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि समाज के लोग भाग लेंगे। परिचय सम्मेलन के पश्चात सतनामी आदर्श विवाह 6 अप्रैल को रायपुर में आयोजित है।

# किराना दुकान का शटर तोड़कर लाखों का माल पार



वह किराना दुकान जहां हुई चोरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

किराना दुकान के शटर का ताला तोड़कर लाखों का माल पार कर दिया है। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम घिवरा का है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम घिवरा के मयंक प्रोविजन एवं जनरल स्टोर में 23 मार्च की मध्य रात्रि में अज्ञात लोगों के द्वारा शटर का ताला तोड़कर चोरी किया गया है। दुकान के संचालक ने दूसरे दिन सुबह देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ और सामान इधर-उधर बिखरा हुआ मिला तो दुकानदार रामकृष्ण साहू ने पुलिस थाना में चोरी की सूचना दी। बिर्रा थाना के अंतर्गत ग्राम घिवरा के जय स्तंभ चौक में मयंक प्रोविजन एवं जनरल स्टोर है। जिसमें राम कृष्णा साहू पिता संत राम साहू दुकानदारी करते हैं। 23 मार्च दिन रविवार के मध्य रात्रि में अज्ञात लोगों ने शटर का ताला तोड़कर दुकान में समान चोरी किया। दुकानदार जब दूसरे दिन सुबह देखा तो दुकान में रखे सामान इधर-उधर बिखरा था। रामकृष्ण साहू ने थाना बिर्रा में चोरी की सूचना दर्ज कराया है। इसके पूर्व में भी श्यामलाल कश्यप के यहां धान के बोरियों की चोरी भी हुआ था। जिसका बिर्रा पुलिस अभी तक पता नहीं लगा पाई। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन चोर पुलिस की पकड़ से कोसों दूर है। इधर पुलिस द्वारा जांच जारी की बात कही है।

## आगजनी...



**नैला-जांजगीर।** पहरिया के ईश्वर पटेल के बर्तन दुकान में सोमवार 24 मार्च की शाम 6 बजे भीषण आग लग गई। जांजगीर व मड़वा प्लांट से फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची एवं आग पर काबू पाया जा सका। फोटो : हरिभूमि

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती, शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** युवती को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को चाम्पा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी देवेश कुमार खरे ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से युवती से दोस्ती किया और शादी करने का झांसा देकर पीड़िता के मना करने के बावजूद भी जबरन दैहिक शोषण किया। पीड़ता के द्वारा मना करने पर शादी करूंगा तीन महीने तक दैहिक शोषण करता रहा शादी करने के लिए बोलने पर गाली गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे रहा था। रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 87,64(2), (ड)296, 351 (3), 115(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

# मेला में कड़ा पहना तो होगी कार्रवाई, बनाई जा रही जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पीथमपुर मेला में आपराधिक गतिविधियों पर व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसी के तहत मेला में कड़ा पहनने वालों पर कार्रवाई करते हुए 6 सौ की जब्ती बनाई गई।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पीथमपुर में 19 मार्च रंग पंचमी से प्रारंभ हुए ऐतिहासिक मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बाबा कलेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालु दर्शन एवं मेले का आनंद लेने आ रहे हैं। मेला सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए एवं अपराधों की रोकथाम के लिए स्टील के कड़े पहनने वाले युवकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया। इसी क्रम में एएसपी उमेश कुमार कश्यप के नेतृत्व में मेले में घूमने वाले उन युवकों की पहचान की गई, जिनके व्यवहार में संदेह था, अपराधों को रोकने के लिए पुलिस ने ऐसे लगभग 600 नग स्टील के कड़े उतरवाकर जमा कराए, जिनका उपयोग संभावित रूप से हमलों में किया जा सकता था।



### मिट्टी का दीवार गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत, दूसरी महिला हुई घायल

**जांजगीर-चांपा।** शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया में मिट्टी का दीवार गिरने से बुजुर्ग महिला मीरा सोनी की मौत हो गई। वहीं दूसरी महिला नीरा सोनी गंभीर रूप से घायल है। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि इस हादसे में घर में सोये दो अन्य लोग बाल बाल बचे। मामले को लेकर शिवरीनारायण पुलिस द्वारा जांच पडताल की जा रही है।

# 493 नशीली दवाओं साथ 2 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा क्षेत्र में अवैध नशीली टेबलेट बिक्री करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफतार कर लिया है। उसके कब्जे से 493 नग ऐल्पाजोलम को बरामद किया गया है। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अवैध शराब, मादक पदार्थ व जुआ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध करने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना चांपा प्रभारी द्वारा पुलिस टीम के साथ रेड कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक लड़का अवैध रूप से नशीली दवा बेच रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर तत्काल मुताबिक निर्देश पुलिस टीम द्वारा मौके की ओर रवाना हुआ। जहां एक लड़का पुलिस टीम को देखकर भागने के फिराक में था, जिसे पुलिस टीम के द्वारा दौड़ा कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम राज सिन्हा बताया। जिसके कब्जे से 493 नग़ नशीली टैबलेट ऐल्पाजोलम को जप्त किया गया। आरोपी से बारीकी से पूछताछ करने पर चंद्र प्रकाश से नशीली दवा लेना बताया, जिस पर तत्काल पुलिस टीम के द्वारा सप्लायर चंद्र प्रकाश के घर दबिश दी गई। चंद्र प्रकाश उक्त नशीली टैबलेट के संबंध में पूछताछ करने पर पुलिस टीम को घुमाता रहा बारीकी से पूछताछ करने पर उसने और राज सिंह को टैबलेट बेचना स्वीकार किया और बिक्री रकम 35 सौ रुपए में से कुछ रकम खर्च कर ना बताया आरोपी के कब्जे से 2270 रुपए जप्त किया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चांपा, उनि के डी बनर्जी, दिलीप सिंह, अरुण सिंह, मुकेश कुमार पाण्डेय, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र टंडन, आरक्षक वीरेश सिंह, पदम राज सिंह, भूपेंद्र गोस्वामी, महिला आरक्षक शकुंतला नेताम माखन साहू,मुद्रिका दुबे, एवं थाना चांपा स्टॉप का योगदान रहा।




## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने वाहन चालकों को किया जा रहा जागरूक

# पिकअप, ट्रैक्टर, मालवाहक व अन्य वाहनों का थानों में बन रहा रजिस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पिकअप, ट्रैक्टर एवं अन्य मालवाहक वाहनों का रजिस्टर तैयार किया जा रहा है, ताकि वाहन चालकों की हर गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

ज्ञात हो कि जांजगीर- चांपा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में जांजगीर थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी द्वारा ट्रैक्टर-पिकअप वाहन मालिकों एवं चालकों का थाना स्तर में रजिस्टर तैयार किया जा रहा है। सभी वाहनों पर यातायात संबंधी महत्वपूर्ण हिदायतें लिखी जाकर स्टिकर चिपकाई जा रही हैं, ताकि वाहन चालक और यात्री सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। इस संबंध में वाहन चालकों व मालिकों को जागरूक की जा रही है गांववार ऐसे वाहनों की गणनाः सभी थानों को उनके क्षेत्र में चल रहे पिकअप, ट्रैक्टर और अन्य मालवाहक वाहनों का डेटा एकत्र करने की जिम्मेदारी दी गई है। सभी वाहन मालिकों और चालकों की बैठक आयोजित कर उन्हें जीवन रक्षा के लिए बुनियादी सड़क सुरक्षा सावधानियों से जागरूक कराया गया। उ न्हों ने शराब के नशे में वाहन न चलाने, तेज गति से वाहन न चलाने, अत्यधिक असंतुलित हालत में लोंगों को परिवहन न करने, रात्रि यात्रा में विशेष सतर्कता बरतने, वाहन चालक नींद में, थके हुए अथवा नशे की हालत में कदापि न रहें। नींद या नशे की स्थिति में वाहन चलाने पर सख्त प्रतिबंध, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने, नाबलिकों को वाहन न सौपेने, सभी वाहन चालक गति सीमा एवं अन्य नियमों का पालन करें। उपरोक्त बुनियादी सुरक्षा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित वाहन को जब्त किया जाएगा और कानूनी कार्यवाही की जाएगी। ट्रैक्टर-पिकअप और अन्य मालवाहक वाहनों का सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित करें। ओवरलोडिंग, तेज गति और नशे में वाहन चलाने से बचें। नियमों का पालन कर अपनी और दूसरों की जान बचाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन की कमी के कारण लोग मजबूरी में पिकअप, ट्रैक्टर और अन्य मालवाहक वाहनों में यात्रा करते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की घटनाएं बढ़ रही हैं। इन दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु दर भी लगतार बढ़ रही है। जागरूक होने से सड़क हादसे कम हो सकते है।



वाहन चालकों को जानकारी देते टीआई।


## खबर संक्षेप

### एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट गेमिंग में करियर बना सकते हैं विद्यार्थी

जांजगीर चांपा। शासकीय टीसीएल पीजी कालेज जांजगीर में एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट गेमिंग और कामिक्स(एवीसीजी ) सेक्टर में करियर, प्लेसमेंट और जॉब के अवसर पर वेबिनार का आयोजन किया गया जिसमें कालेज के प्राध्यापक और विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। वेबिनार को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा डी आर लहरे ने कहा कि एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट , गेमिंग और कामिक्स के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। जो विद्यार्थी इसमें रुचि रखते हैं वे इस क्षेत्र में करियर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि सूचना और संचार के इस दौर में एनिमेशन विजुअल की महत्ता भी बढ़ी है। उन्होंने इस वेबिनार के लिए अरेना एनिमेशन बिलासपुर के एमडी संदीप गुप्ता को धन्यवाद भी दिया और भविष्य में उन्हें इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को जानकारी देने कालेज में आमंत्रित करने की बात भी कही। एवीसीजी के संबंध में एरेना एनिमेशन के एमडी संदीप गुप्ता ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्टून फिल्में , ग्राफिक्स, प्रिंटिंग टेक्नालॉजी सभी क्षेत्र में एवीसीजी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस क्षेत्र में जिन विद्यार्थियों की रुचि है वे इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। इसके लिए बहुत अधिक अकादमिक रिकॉर्ड और कठिन शिक्षा की जरूरत नहीं है। इसके पूर्व टीसीएल कालेज के ग्रंथपाल ओपी सिंह वेबिनार की उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी और इसे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया। वेबिनार का संचालन प्रो राजेश दुबे ने और आभार प्रदर्शन डा आभा सिन्हा ने किया। इस वेबिनार में कालेज के प्राध्यापक डा अभय सिन्हा, डा जीएन सिंह, डा सीमा देवांगन तथा कंप्यूटर साइंस , बीएससी और अन्य संकाय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में जुड़े थे।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारी शुरु

**जांजगीर-चांपा।** श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस के सामने जांजगीर में हनुमान जन्मोत्सव मनाने की तैयारी की जा रहीं है। पं किरण



कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने जानकारी दी की हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हनुमत भक्तजन साल भर से मंदिर में होने वाले संकट निवारण मनोकामना दीप दान की प्रतिक्षा करते है पिछले वर्ष हनुमान जन्मोत्सव पर 540 हनुमत भक्तजनों के द्वारा दीपदान दिया गया था। इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव 11 अप्रैल शुक्रवार से 12 अप्रैल शनिवार दो दिवशीय मनाया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव इस वर्ष चैत्र पुर्णिमा 12 अप्रैल शनिवार को है।हनुमान जन्मोत्सव संकट निवारण मनोकामना दीपदान का कार्यक्रम सन 2007 में जांजगीर के कलेक्टर सोनमणी बोरा जी के द्वारा अपने नाम से दीप जलाकर आरंभ किया गया था आज से 19 वर्ष पहले। इस वर्ष 11 अप्रैल शुक्रवार को शायकाल 7 बजकर 43 मिनट पर दीप प्रज्वलन किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष तीन खन्ड में हनुमान जी को दीपदान दिया जाता है।

## निधन

### महाबीर प्रसाद सोनी

**नैला-जांजगीर।** नगर के प्रतिष्ठित फर्म गिन्नीलाल मुन्नीलाल सोनी के संचालक गिन्नी लाल सोनी के



सुपुत्र महाबीर प्रसाद सोनी का 23 मार्च को बिलासपुर में निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार बिलासपुर स्थित मुक्तिधाम में हुआ। अंतिम यात्रा में परिजन एवं स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे प्रदीप सोनी के चाचा थे।

### गजानन पाण्डेय

**चांपा।** समीपस्थ ग्राम पचोरी निवासी ब्राम्हण समाज



के प्रतिष्ठितनागरिक रामखिलावन पाण्डेय के सुपुत्र गजानन पाण्डेय उर्फ छोटे मुन्ना का शनिवार 22 मार्च को निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। स्व. पाण्डेय का अंतिम संस्कार ग्राम पचोरी के सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### भाजपा जिला कार्यालय में हुई बैठक, कार्यक्रम में शामिल होने बड़ी संख्या में बिलासपुर जाएंगे कार्यकर्ता

# प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर भाजपा नेताओं ने शुरू की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नरेंद्र मोदी के बिलासपुर आगमन को लेकर जांजगीर चाम्पा जिले के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि हमारे संभाग मे प्रधानमंत्री का आगमन हो रहा है इसलिए हमारे जिले से अधिक से अधिक संख्या मे कार्यकर्ताओ की उपस्थिति होनीचाहिए।

पंचायत चुनाव के प्रदेश संयोजक व पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व व ऐतिहासिक जीत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम मे उनको बधाई देंगे। उन्होंने कहा कि पंच से लेकर प्रधानमंत्री तक के पहुंचने का संकल्प का सम्मेलन 30 मार्च को बिलासपुर के चकरभांटा में होगा। कार्यक्रम में जिले से बीस हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता के अपार जनसमर्थन व आशीर्वाद से नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद मिला इसके लिए प्रदेश की जनता व कार्यकर्ताओ को आभार की। उन्होंने अपना मतदान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष मे करके प्रदेश के सभी स्थानीय निकायो मे भाजपा का प्रतिनिधि बनाया उन्होंने 30 मार्च को प्रधानमंत्री के बिलासपुर आगमन को लेकर जिले के सभी कार्यकर्ताओ से कार्यक्रम मे शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आग्रह किया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व जिले के प्रभारी गिरधर गुप्ता ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय निकायो मे मिली भारतीय जनता पार्टी की विजय ने यह साबित कर भाजपा के नारे हमने बनाया है हम ही संवारेंगे को चरितार्थ कर दिया। कार्यक्रम मे पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लीलाधर सुल्तानिया पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद कमला पाटले संतोष लहरे नगरपालिका अध्यक्ष रेखा गढ़वाल पुरुषोत्तम शर्मा यशवंत साहू विवेका गोपाल संतोष अग्रवाल अभिमन्यु राठौर जितेंद्र देवांगन अनुराधा शुक्ला शिशुपाल सिंह आशुतोष गोस्वामी संतोष थवाईत अरुण झाझडिया मोहन यादव रवि पांडे अनुराग तिवारी पंकज अग्रवाल धनंजय सिंह ठाकुर समर्थ सिंह लोकेश शुक्ला निलेश गुप्ता सनत पांडे ध्वजाराम साहू विश्वनाथ प्रताप यादव उमेश राठौर रितेश अग्रवाल पुष्पेंद्र सिंह राजेश ढोसले हितेश यादव गौरव तिवारी राघवेन्द्र पांडे कृष्ण कुमार राठौर रघुवीर बरेठ सहित कार्यकर्ताओ की उपस्थिति मे बैठक संपन्न हुई।




बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े।

### सभी मंडलों में बैठक कर दे जानकारी

**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सक्ती में जिला एवं मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल की अध्यक्षता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा सहित जिला पदाधिकारी एवं नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। कृष्णकांत चंद्रा ने उपस्थित सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को नए दायित्व की बधाई दी। जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल उपस्थित सभी जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं को अपने संबोधन में बताया कि 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिलासपुर आ रहे है जिसमें भाजपा के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता सभी को कार्यक्रम में जाना है। साथ ही सभी मंडलों में बैठक कर सभी को बताना है जिससे ज्यादा से ज्यादा भाजपा के कार्यकर्ता जा सके ऐसी व्यवस्था बनानी है। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ और भगवा गमछा पहनाकर सम्मान किया गया। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों में जांजगीर जिलापंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया सक्ती जिला पंचायत सदस्य सुशीला सिन्हा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अमरौतिन बाई मालखरौदा के जनपद अध्यक्ष कविशरण वर्मा डभरा के नगरपंचायत अध्यक्ष दीपक साहू , जैजैपुर जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा परदेशी खूंटे चंद्रपुर नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन उपाध्यक्ष लीलांबर जगत सहित नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। साथ ही आप पार्टी के पूर्व अध्यक्ष प्रेमशंकर गबेल ने भाजपा प्रवेश किया। जिसे जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल एवं पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने विधिवत गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया। कार्यक्रम का संचालन श्री नेतराम चंद्रा ने किया एवं आभार व्यक्त जिला उपाध्यक्ष अमृत लाल साहू ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गोपी सिंग ठाकुर अमृतलाल साहू, नेतराम चंद्रा अन्नपुर्णा राठौर मंडल के अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, पहलवान दास दिनेश बरेठ जीवेंद गबेल तिलेश माली संतोष राठौर कृष्णकुमार देवांगन भुवन भास्कर यादव दीपक गुप्ता अभिषेक शर्मा अरुण शर्मा , रामनरेश यादव जिला मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव आदित्य अग्रवाल सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



शहीदों को श्रद्धांजलि देते हिन्द सेना के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि।

## राष्ट्रभक्ति के मार्गों पर चलने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- परसाही नाला में हिन्द सेना ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

शहीदी दिवस के अवसर पर ग्राम परसाही नाला में हिंद सेना युवा ब्रिगेड के कार्यकारी जिला अध्यक्ष जितेंद्र पोर्ते के नेतृत्व में अमर सपूत क्रांतिकारी भगत सिंह राजगुरु एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंद सेना के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजीव मल्होत्रा ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत की गुलामी से हमारे देश को आजाद करने वाले कई क्रांतिवीरों ने अपने सर्वस्व न्योंछावर कर दिया। शहीद भगत सिंह,राजगुरु एवं सुखदेव को अंग्रेजों ने 23 मारच को एक साथ फांसी की सजा दी थी। इन सपूतों ने भारत माता की अस्मिता की रक्षा के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया था। देश की एकता अखंडता और सुरक्षा की सबसे बड़ी जिम्मेदारी हम युवाओं के के ही कंधों पर हैं। उन्होंने हिन्द सैनिकों को वीर सेनानियों के दिखाए गए मार्गों पर चलने का शपथ भी दिलायी। युवा ब्रिगेड कार्यकारी जिला अध्यक्ष जितेंद्र पोर्ते ने कहा कि बसंती रंग क्रांति का संकेत है। आज हर युवा अपनी रोम-रोम को इस रंग में रंग ले और देश सेवा के लिए आगे बढ़े। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष रामलाल गंधर्व, महासचिव रामेश्वर गिर गोस्वामी, सचिव प्रमोद गिर गोस्वामी, संयुक्त सचिव अखिलेश पोर्ते, राकेश कुमार यादव,सुनिल यादव, संगठन मंत्री दिलीप निर्मलकर,राम साहू, प्रतिनिधि ईश्वर गिर गोस्वामी, आलोक पोर्ते, शीतल पोर्ते, किरण यादव,नीरज कुमार, ओम कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच महेंद्र पाल नेताम, पंच द्वय मालती देवी, सरकार गंधवी, धरमदास मानिक,दुलारी यादव, कुंज बिहार, रूक्मणि जगत, रविन्द्र मरावी, प्रितम दास मानिकपुरी, अखिलेश पोर्ते, सागर खूंटे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुए राजेश्री महंत

**जांजगीर-चांपा।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज दो दिवसीय प्रवास के तहत जांजगीर-चंपा एवं सक्ती जिला में शोक संतृप्त परिवार से सौजन्य भेंट मुलाकात के लिए उपस्थित हुए। राजेश्री महन्त बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पोंड़ीशंकर में स्वर्गीय मृत्युंजय सिंह एवं जैजैपुर विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम दतौद में स्वर्गीय फादलराम आदित्य को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उपस्थित हुए। उन्होंने दोनों ही स्थानों पर शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया एवं ईश्वर से प्रार्थना किया कि पुण्यात्मा जीवों को भगवान अपने चरण शरण में स्थान देकर संसार के आवागमन से मोक्ष प्रदान करें। उन्होंने कहा कि- जो भी जीवात्मा इस धरा धाम में शरीर धारण करता है उन्हें एक न एक दिन मृत्यु को वरण करना ही



पड़ता है। यही जीवन का अंतिम सत्य है। इन दोनों अवसर पर विशेष रूप से कमलेश सिंह, हर प्रसाद साहू, तथा चंद्र प्रताप सिंह, राजकिशोर सिंह, नरेंद्रसिंह चंदेल, अनिलसिंह चंदेल, अशोक सिंह बनाकर, जितेंद्र जायसवाल, उमेश सिंह तथा गेंदु राम आदित्य, गुप्तेश्वर प्रसाद चंद्रा, राजेंद्र श्रीवास, सीताराम आदित्य, चेतन लाल आदित्य, तिलक राम आदित्य, लक्ष्मी नारायण लदेर सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित हुए।

## नेशनल गेम्स ब्रांज मेडल विनर नेटबॉल खिलाड़ी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- जिले के चार खिलाड़ियों सहित कोच ने किया प्रतिनिधित्व

38वीं नेशनल गेम्स उत्तराखंड में कांस्य पदक विजेता छत्तीसगढ़ की मिक्स नेटबॉल खिलाड़ियों एवं कोच का सीएम हाउस में 21 मार्च की शाम खेल मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा सम्मान किया गया। इस टीम में जांजगीर चांपा जिले के सर्वाधिक चार खिलाड़ी शामिल थे। 38वीं नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ के मिक्स नेटबॉल टीम ने कांस्य पदक हासिल किया था। इस टीम के हिस्सा रहे खिलाड़ी शैलेंद्र कहरा, निहाल पांडेय, प्रशांत कहरा, मंदाकिनी श्रीवास सभी जांजगीर चांपा जिला से है। सोनम शर्मा (दुर्ग) ,शिवांगी बाजपेयी (दुर्ग),मिशा सिंह (दुर्ग), खुशबू गुप्ता (सरगुजा),पूजा (रायपुर),संदीप वर्मा (बलौदा बाजार भाटापारा), अमन भोई (रायपुर), सौम्या संतवानी (बिलासपुर) छत्तीसगढ़ टीम के कोच रहे जांजगीर के गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी राजेश राठौर रहे ,पूनम निषाद धमतरी (मैनेजर) । कोच सहित सभी टीम मेंबर्स सम्मानित होंगे। छत्तीसगढ़ टीम के इस उपलब्धि पर नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों समेत अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने सभी खिलाड़ीयों कोच व मैनेजर को बधाई दी है।




खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते खेल मंत्री टंकराम वर्मा।

## बकाया 3 प्रतिशत प्रतिशत महंगाई राहत देने पेंशनरों की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- बैठक में पेंशनरों की अनेक समस्याओं पर चर्चा हुई
- भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के परमेश्वर स्वर्णकार बने जिला अध्यक्ष

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव की मुख्य आतिथ्य एवं जांजगीर जिले के अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद दुबे अध्यक्षता में पेंशनर संगठन के विस्तार, जिले में दायित्व परिवर्तन और पेंशनरों समस्याओं के निदान को लेकर लोकनिर्माण विभाग के विश्राम गृह चांपा में रविवार 23 मार्च को पेंशनरों की बैठक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग से सेवानिवृत प्रधान पाठक परमेश्वर स्वर्णकार को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला जांजगीर चांपा का सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष दायित्व सौंपा गया तथा उन्हें जिले में संपूर्ण जिला कार्यकारिणी एवं तहसील विकासखंड के गठन और पेंशनरों के हित में कार्यवाही करने के लिए अधिकृत किया गया। बैठक में केंद्र के समान केंद्र के दर से बकाया 3 प्रतिशत प्रतिशत महंगाई राहत का आदेश एरियर देने की मांग करते हुए विधान सभा चुनाव के दौरान मोदी के गारंटी के तहत किए गए वायदे को पूरा करने की मांग की गई। बैठक में प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने पेंशनरों के महंगाई राहत रोके जाने पर सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार मध्य प्रदेश राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49 के नाम पर अन्याय कर रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत केंद्र के देय तिथि से डीए डीआर देने की घोषणा को सरकार झूठा साबित करने का काम कर रही है। इसके अलावा पेंशनरों की सारांशीकरण राशि की कटौती की अवधि कम करने, 65 वर्ष की आयु से अतिरिक्त



बैठक में उपस्थित पेंशनर।

पेंशन देने, दैनिक वेतनभोगी की संपूर्ण सेवाकाल को पेंशन गणना में शामिल करने, रेल यात्रा में छूट को पुनः बहाल करने, पेंशनरों को मृत्यु पर एग्रेसिया देने,आयकर से मुक्त करने, भारत भ्रमण की सुविधा देने, राज्य में बस यात्रा में छूट के आदेश का परिपालन करने,कैशलेश मेडिकल की सुविधा देने आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश का संगठनात्मक दौरा कार्यक्रम की इस जांजगीर चांपा जिले की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव के साथ प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष बी एस दसमेर, प्रदेश संगठन मंत्री टी पी सिंह, प्रदेश संयोजक सेवानिवृत दैनिक वेतन भोगी कार्यभारित कर्मचारी प्रकोष्ठ अनिल पाठक ने तथा राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष अरुण तिवारी ने विचार व्यक्त किए। अंत में आभार प्रदर्शन नैन सिंह क्षत्री ने किया। बैठक में नैन सिंह क्षत्री,परमेश्वर राठौर, हेमंत सोनी, ठाकुर सनत कुमार राठौर, सतीश चंद्र शुक्ल, राधाकांत राठौर, सनत कुमार रजक, जयदेव सोनी, ओम प्रकाश केसरवानी, बी आर राठौर, मनहरण सिंह राजपूत, उत्तम कुमार देवांगन, छोटेलाल देवांगन, अतीत दुबे, सतीश कुमार सोनी, महारती यादव, प्रभाकर देवांगन, चंद्रिका प्रसाद साहू उपस्थित थे।

### जैन मंदिर में भगवान की शांति धारा करने के साथ की गई सामूहिक पूजा-अर्चना

# भगवान आदिनाथ की जयंती पर नगर में निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की जयंती के अवसर पर जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा रेलवे फाटक, बजरंग चौक, शास्त्री चौक, पोस्ट ऑफिस मार्ग, आजाद चौक होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची।

शोभा यात्रा के दौरान पालकी में सवार भगवान आदिनाथ की प्रतिमा का जैन समाज के लोगों के साथ लखन गुप्ता, रजनीश गुप्ता, सुधीर केडिया, संतोष अग्रवाल एवं रमेश अग्रवाल द्वारा अपने-अपने घरों के सामने मंगल आरती एवं श्रीफल चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया, भगवान आदिनाथ की जय हो




शोभा यात्रा में शामिल समाज के लोग।

के नारों से नगर गूंज उठा, जैन मंदिर में भगवान आदिनाथ की शांति धारा करने का सौभाग्य राजकुमार जैन, हिमांशु जैन, राहुल चंदेरिया, नितिन जैन, आदि जैन, स्वप्निल जैन परिवार को प्राप्त हुआ, समाज के लोगों द्वारा मंदिर में भगवान आदिनाथ की सामूहिक पूजा अर्चना की गई, जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन एवं सचिव रूपेश जैन ने बताया कि जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म चैत माह के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को अयोध्या में राजा नाभीराय के पुत्र के रूप में हुआ था, भगवान आदिनाथ ने मनुष्य को जीवन जीने के लिए 6 काम असि रक्षा करने के लिए अर्थ अर्थ सैनिक कर्म, मसि लिखने का कार्य अर्थात लेखन, कृषि खेती करना एवं अन्न उगाना, विद्या ज्ञान प्राप्त करने से संबंधित कार्य, वाणिज्य व्यापार से संबंधित कार्य एवं शिल्प मूर्तियों, नक्काशी , भवन का निर्माण ये कार्य बताए, भगवान आदिनाथ ने लोगों को सुनियोजित तरीके से भवन निर्माण करना, नगर बसाना, खेती करके अन्न उगाना एवं उसे भोजन करना, शिक्षा प्राप्त करना और उससे समाज के लिए नियम की स्थापना करना, व्यापार करके पैसे कमाना एवं उन्नति करना एवं अपने परिवार से था देश की रक्षा करने का कर्तव्य सिखाया। वहीं जैन समाज द्वारा जैन मंदिर के सामने मार्ग में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के उपाध्यक्ष श्रीजीत जैन, विमल जैन, सह सचिव राजा जैन, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन, विजय जैन, राजेन्द्र जैन, प्रकाश जैन, देवेंद्र जैन, सुभाष जैन, शैलेन्द्र जैन, प्रफुल्ल जैन, वीरेन्द्र जैन, विनोद जैन, सुशील जैन, राजकुमार जैन, रवि जैन, सुनील जैन, राकेश जैन,शरद जैन, संजय जैन, कमल जैन, प्रदीप जैन,प्रवीण जैन, रितेश जैन, आशीष जैन एवं जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं:
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

## खबर संक्षेप

### सिद्ध शक्ति पीठ चंडी दाई मंदिर महंत में चल रही नवरात्र की तैयारी



**जांजगीर चांपा।** सिद्ध शक्ति पीठ चंडी दाई मंदिर महंत में नवरात्र पर्व की तैयारी जोर शोर से चल रही है। यहां पूरे नवरात्र पर्व में जसगीत के साथ माता भजन निरंतर चलता रहता है । यहां नवरात्र के दोनों पर्व में मनोकामना दीप प्रज्वलित किए जाते हैं, जिसके लिए स्थानीय भक्तों सहित दूरदराज से भक्तगण अपनी अपनी मनोकामना दीप जलवाते हैं । इस वर्ष चैत्र नवरात्रि में 30 मार्च को घट स्थापना के साथ नवरात्र प्रारंभ होगी, जो 6 अप्रैल को जवारा विसर्जन के साथ समाप्त होगी। मंदिर में व्यवस्था के लिए जय चंडी दाई लोक कल्याण समिति के साथ स्थानीय ग्रामवासी जुटे हुए हैं तथा अधिक से अधिक भक्तों को माता के दरबार में जसगीत गायन, सहित दर्शन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है वहीं प्रतिदिन की महाआरती शाम 7 बजे विधि विधान से संपन्न होगी।

### तहसील साहू संघ का कर्मा जयंती सम्मान समारोह आज

**जांजगीर-चांपा।** तहसील साहू संघ जांजगीर द्वारा तहसील स्तरीय कर्मा जयंती व सम्मान समारोह का आयोजन 25 मार्च मंगलवार को दोपहर 2 बजे से भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन जांजगीर में आयोजित है। डॉ.बोधीराम साहू जिला संयोजक साहित्य प्रकोष्ठ साहू संघ ने बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालेश्वर साहू जिलाध्यक्ष जिला साहू संघ एवं जैजैपुर विधायक,अध्यक्षता संजय साहू तहसील अध्यक्ष साहू संघ जांजगीर,अति विशिष्ट अतिथि अशोक साहू कार्यकारी जिलाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि बोधराम साहू,लक्ष्मी साहू जिला महासचिव,हेमंत साहू जिला कोषाध्यक्ष,जे.सी.साहू केंद्र अध्यक्ष जांजगीर,बंशीलाल साहू केंद्र अध्यक्ष पिसौद ,इतवार साय केंद्र अध्यक्ष भडेसर होंगे।जिसमें माता कर्मा की जयंती भव्य रूप से मनाया जायेगा।साथ ही जांजगीर तहसील अंतर्गत साहू समाज के नवनिर्वाचित पंच,सरपंच,जनपद सदस्य,जिला पंचायत सदस्य का सम्मान किया जावेगा। कार्यक्रम में अधिकाधिक रूप से उपस्थित होने का आग्रह दुलेसर साहू,श्रीमति राधा साहू तहसील उपाध्यक्ष,दिगम्बर साहू कोषाध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने की है।

### मारवाड़ी युवा मंच के लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष चुने गए मनीष



**सक्ती।** मारवाड़ी युवा मंच सक्ती शाखा की नवीन कार्यकारिणी गठन हेतु एक बैठक 22 मार्च को हटरी धर्मशाला पर सम्पन्न हुई, जिसमें आगमी नए सत्र 2025-26 के लिए अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार नए अध्यक्ष के रूप में मनीष कथुरिया को चुना गया। इस दौरान काफी संख्या में मारवाड़ी युवा मंच सक्ति शाखा के सदस्यगण मौजूद रहे एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनीष कथूरिया ने कहा कि आने वाले दिनों में मंच के शक्ति संगठन को मजबूत बनाने तथा सक्ति शहर के युवा मारवाड़ी सामाज के साथियों को संगठन की मुख्यधारा से जुड़ कर सदस्यता विस्तार पर घ्यान दिया जाएगा एवं मंच के राष्ट्रीय तथा प्रांतीय स्थाई -अस्थाई प्रकल्प तथा समय-समय पर निर्देशित कार्यक्रमों का तत्परता के साथ शाखा स्तर पर कियान्वयन किया जाएगा एवं मंच द्वारा पूर्व में स्थापित स्थाई प्रकल्पों के भी बेहतर संचालन के लिए नियमित रूप से घ्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर युवा मंच के हरिओम अग्रवाल, कन्हैया गोयल, सुधीर सराफ, राजकुमार अग्रवाल (राजू), प्रकाश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल,मुकेश बंसल, अनुराग जिंदल,मानस अग्रवाल, गजेंद्र डालमिया, अनिल सराफ,राकेश अग्रवाल,रितेश अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, विशाल शर्मा, राजीव अग्रवाल, अमन गर्ग उपस्थित थे।

### शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित हुए संजय

**अकलतरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा में पदस्थ व्यायाम शिक्षक संजय कुमार यादव को श्री चिन्मय सागर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक के अवसर पर भाटापारा में शिक्षक रत्न से सम्मानित किया गया। संजय अमोरा में व्यायाम शिक्षक के पद पर कार्यरत है और वर्तमान में विकासखंड अकलतरा के क्रीड़ा अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। संजय ए एल टी स्काउट , राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अमोरा के कार्यक्रम अधिकारी भी हैं। इनके द्वारा 40 स्काउट्स और गाइड्स को राज्यपाल पुरस्कार एवं 5 स्वयंसेवकों को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर में सहभागिता तथा प्रतिवर्ष 10 से 20 खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय खेल तथा नेशनल गेम्स में पहुंचाने का कार्य किया गया है ।

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन, टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को किया गया प्रमाण पत्र का वितरण

# टीबी उन्मूलन के लिए जिले में चलाया गया 100 दिवसीय जांच एवं उपचार अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर 24 मार्च को जिला पंचायत सभाकक्ष में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया ने टीबी होने के कारण, लक्षण, उपचार, सावधानियां एवं रोकथाम पर विस्तृत जानकारी दी तथा कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामों के सरपंच एवं अधिकारियों, कर्मचारियों को जिले को टीबी मुक्त करने हेतु शपथ दिलाई।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्कर्ष तिवारी के द्वारा टीबी मरीजों के लिए पोषण आहार के महत्व तथा निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को पोषण आहार प्रदाय करने हेतु जानकारी दिया गया। उन्होंने बताया कि 1 टीबी मरीज को 06 माह का प्रोटीन युक्त पोषण आहार प्रदाय किया जाना है। वर्ष 2024 में 405 निक्षय मित्रों के द्वारा टीबी मरीजों को पोषण आहार प्रदाय किया गया। इस अवसर पर उन्होंने निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लेते हुए पोषण आहार प्रदाय करने की अपील की। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह बैस ने बताया कि टीबी उन्मूलन के लिए जिले में विशेष अभियान निक्षय निरामय 100 दिवसीय जांच एवं



टीबी मुक्त करने शपथ दिलाते अधिकारी।

उपचार अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (टीबी), राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय वयोवृद्ध स्वास्थ्य संरक्षण कार्यक्रम को शामिल करते हुए निक्षय-निरामय शिविर (स्वास्थ्य शिविर) का आयोजन हुआ। जनसामान्य में मितानिनों द्वारा घर-घर जाकर टीबी एवं कुष्ठ के शंकास्पद मरीजों की खोज तथा उच्च जोखिम समूहों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन, वयोवृद्ध व्यक्ति के हेल्थ प्रोफाइल के साथ स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य जीवन शैली हेतु जागरूक किया गया। टीबी के लक्षण युक्त व्यक्तियों का उच्च गुणवत्ता से नॉट जांच तथा टीबी उच्च जोखिम वाले समूहों का निःशुल्क एक्स-रे कराते हुए नॉट जांच किया जा रहा है। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत सह नोडल टीबी मुक्त पंचायत अभिमन्यु साहू के द्वारा पंचायतों को टीबी मुक्त करने हेतु विस्तृत कार्य योजना की जानकारी दी गई। इसके साथ ही वर्ष 2023 में कुल 58 ग्राम पंचायतों को 01 वर्ष की वैधता के लिए टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र सरपंचो को प्रदाय किया गया। जिसमें विकासखंड अकलतरा से ग्राम पंचायत अर्जुनी, पिपरसत्ती, फरहदा, पड़रिया एवं बिरकोनी, विकासखंड बलौदा से बछौद, भिलाई, झपेली, कण्डरा, खोहा, कुलीपोटा, महुदा ब. नवगंवा, पोंच, विकासखंड पामगढ़ से झूलन, देवरी, भुईगांव, झिलमली, महका, मेकरी, खोखरी, पचरी, पनगांव, हिर्री एवं सिर्री, विकासखंड नवागढ़ से बरबसपुर, बेल्हा, कुरियारी, पचरी, कनस्दा, हिरागढ़, नवापारा, चौराभाठा, कर्रा, गंगाजल, खैरताल, पाली, हाथीटिकरा, मरकाडीह, करमंदी, तेदुभाठा, एवं घुठिया तथा विकासखंड बम्हनीडीह से बनसुला, बसंतपुर, देवरहा, देवरी, गिधोरी, झरना, खमहिया, कुम्हारीकला, लछनपुर, महुवाडीह, मोहगांव, परसापाली (री), परसापाली, रिस्दा, सोनियापाठ एवं बघौदा ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।



जनदर्शन में पहुंचे लोगों की समस्या सुनती अपर कलेक्टर।

## जनदर्शन में पीएम आवास अतिक्रमण हटाने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- **जनदर्शन में एडीएम ने सुनी आमजनों की समस्याएं, मिले 52 आवेदन**

कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को अपर कलेक्टर श्रीमती आराध्या राहुल कुमार ने सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को त्वरित कार्यवाही करते हुए समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

सोमवार 24 मार्च को आयोजित जनदर्शन में कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन में विकासखंड नवागढ़ के ग्राम पंचायत सलखन निवासी महेत्तर लाल कश्यप द्वारा पीएम योजना का लाभ दिलाने, तहसील बलौदा के ग्राम छीतापाली निवासी महेन्द्र कुमार द्वारा अवैध अतिक्रमण हटवाने, तहसील शिरीनारायण के ग्राम कनस्दा निवासी रतन कश्यप द्वारा सड़क दुर्घटना की मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम मेहंदा निवासी दशरथ साहू द्वारा राशन कार्ड में संशोधन कराने, तहसील नवागढ़ के ग्राम पंचायत दर्री निवासी श्रीमती मीना बाई सूर्यवंशी द्वारा नया मीटर लगवाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। अपर कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

## विधानसभा में विधायक राघवेंद्र ने उठाया जनहित का मुद्दा

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में क्षेत्रीय विधायक राघवेन्द्र सिंह ने शून्यकाल, प्रश्नकाल, में विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश की जनहित के विभिन्न मुद्दों को



प्रखरता से उठाते हुए शासन का ध्यान आकर्षित किया जिसमें कई मुद्दो पर शासन द्वारा समुचित कदम भी उठाये गये जिससे आने वाले समय में प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिलेगा। बजट सत्र में विधायक ने जनहित के 64 सवाल पूछे, 10 ध्यानाकर्षण लगाये, शून्यकाल में 10 सवाल पूछे, तथा विकास कार्यों के लिए 8 याचिकाओं की स्वीकृति मिली जनहित में ध्यानाकर्षण के माध्यम से उठाये गये मुद्दो में ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती, देवरी, पिकनिक स्पॉट में सुरक्षा प्रबंध, कल्याणपुर तालाब को राखड़ से पटाने वालो के विरुद्ध कार्रवाई, बीएड प्रशिक्षण सहायक शिक्षकों के समायोजन, ग्राम कोटमीसुनार में 15 वे वित्त की राशि गबन कर्ताओं के विरुद्ध कार्यवाही, प्रदेश के संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, अकलतरा बाय पास सड़क निर्माण को शीघ्र प्रारंभ करने सहित प्रदेश स्तर के प्रमुख विषय शामिल रहे।

**इन विषयों पर जांच के आदेश व हुई कार्रवाई** -अकलतरा नगर पालिका में 2 करोड़ 13 लाख के भ्रष्टाचार में तत्कालीन सीएमओ सहित 5 स्टॉप को निलंबित किया, तथा अध्यक्ष को नोटिस जारी की गई, कल्याणपुर तालाब पाटने वालो के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश, 3 महीने की समय सीमा में विभागीय जांच के आदेश, लोक निर्माण विभाग के बिलासपुर डिवीजन अन्तर्गत 100 करोड़ के विद्युत मरम्मत की जांच, कोटमीसुनार में 15 वे वित्त की राशि में गबन के मामले में विभागीय जांच के आदेश तथा सीएसआर की राशि का प्रभावीत क्षेत्रो में उपयोग, सिटी बस के नियमित संचालन, मुख्यमंत्री कन्या विवाह में अनियमितता, आवारा पशुओं के प्रबंध, उपभोक्ता संरक्षण उल्लंघन के मामलों के शीघ्र निपटारा सहित अन्य मांग शामिल है।

## परीक्षा महाभियान में 7350 नव शिक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- **जिले के चार विकासखंडों में साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का हुआ आयोजन**

जिले के चारों विकासखण्ड मालखरौदा, सक्ती, डभरा और जैजैपुर के 302 परीक्षा केन्द्रों में विगत दिवस नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान (उल्लास), बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया।

इस महापरीक्षा में जिले से पंजीकृत कुल 10335 परीक्षार्थी में से परीक्षा अर्हता पूर्ण करने वाले 8752 में से 7350 नव शिक्षार्थी शामिल



केन्द्र में परीक्षा देते नवसाक्षर।

हुए। इस महापरीक्षा अभियान में वे नव शिक्षार्थी शामिल हुए जिन्होंने 200 घंटे एवं प्रवेशिका पुस्तिका का सात अध्याय पठन-पाठन पूर्ण किये है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश के तहत विकास लक्ष्य के अनुसार 2030 तक सभी युवा, प्रौढ़, पुरूष, एवं महिलाओं को शतप्रतिशत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान प्रदान कराना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री तोपनो के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी एन.के चन्द्रा ने विकासखण्ड डभरा के परीक्षा केन्द्र जनपद प्राथमिक शाला देवरघटा, जनपद प्राथमिक शाला घिंवरा, शासकीय प्राथमिक शाला बरतुंगा एवं विकासखण्ड मालखरौदा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगझर तथा शासकीय प्राथमिक शाला सोनादुला का निरीक्षण किया गया। शिक्षार्थी हर्षोल्लास के साथ इस परीक्षा में भाग ले रहे थे जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। जिले के समग्र शिक्षा के सहायक नोडल अधिकारी श्री डी.पी. पटेल एवं जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला सक्ती श्री एम.डी.दुबे के द्वारा विकासखण्ड सक्ती के शासकीय प्राथमिक शाला हरदा, शासकीय प्राथमिक शाला बोइरडीह और शासकीय प्राथमिक शाला सिंगनसरा का निरीक्षण किया गया जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला हरदा आदर्श उल्लास केन्द्र के चिन्हांकित किया गया है। इस महापरीक्षा को सफल बनाने में चारो विकासखण्ड के शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों का योगदान दिया।

## पशु-पक्षियों को गर्मी से मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

- **राहौद व्यापारी सेवा समिति ने 34 स्थलों में की पानी की व्यवस्था**

गर्मियों के मौसम में पानी की कमी से न केवल इंसान, बल्कि पशु और पक्षी भी कठिनाई का सामना करते हैं। गर्मी के दिनों में आम नागरिकों द्वारा अपनी प्यास बुझाने के लिए फ्रिज, मटका आदि की व्यवस्था की जाती है, लेकिन दुर्भाग्यवश पशुओं और पक्षियों के पानी पीने की व्यवस्था पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है। इसके परिणामस्वरूप, उन्हें भीषण गर्मी में प्यासे रहना पड़ता है।

इस गंभीर समस्या का समाधान निकालते हुए व्यापारी सेवा समिति ने तीन वर्षों से राहौद नगर में पशु-पक्षियों के लिए निःशुल्क प्याऊ कोटना और मिट्टी की प्याली वितरण की व्यवस्था शुरू की है। इस वर्ष समिति ने अपनी पहल को और व्यापक रूप से लागू करते हुए जल सेवा



व्यापारीसमिति द्वारा की गई पानी की व्यवस्था।

अभियान के रूप में एक नई शुरुआत की है। इस अभियान के तहत, राहौद नगर के हर वार्ड के मुख्य मार्गों पर प्याऊ कोठने और मिट्टी की प्याली वितरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही, प्याऊ सेवकों के माध्यम से प्याऊ और प्याली उनके घरों तक पहुँचाई जा रही है। समिति द्वारा लगभग सभी वार्डो मुख्य मार्गो मे प्याऊ कोटना और प्याली पहुंचा दिया है। व्यापारी सेवा समिति ने सभी समाजसेवियों से निवेदन किया है कि वे इस नेक कार्य का हिस्सा बनें और निःशुल्क प्याऊ कोटना और प्याली प्राप्त कर पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें। समिति की यह पहल केवल पानी की व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके द्वारा कई अन्य समाजसेवी कार्य भी किए जा रहे हैं। वृद्धाश्रम में शौचालय निर्माण, मुकबधिर स्कूल में रंगाई, सामूहिक पेड़ पौधे लगाने, स्कूलों में बच्चों को किताबें वितरित करना, दुर्घटनाओं में घायल गौ माता को मुफ्त दवा देना, पुराने कपड़े वितरण, अस्पताल में मरीजों के लिए कूलर का वितरण, विकलांगों के लिए नकद सहायता जैसे कार्य लगातार किए जा रहे हैं। व्यापारी सेवा समिति को कलेक्टर आकाश छिकारा, पामगढ़ विधायक शेष राज हरबंस, देव सेवा समिति खोखरा, दृष्टिहीन और श्रवण बाधित स्कूल पामगढ़, श्री महिला डेवलपमेंट फाउंडेशन पामगढ़ द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। समिति का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एकजुट कर समाजसेवा के कार्यों में भागीदार बनाना है।

## किसान स्कूल का विजिट करने पहुंचे रायगढ़ जिले के किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

- **किसान स्कूल में किए जा रहे नवाचार को देखकर खूब प्रभावित हुये एफपीओ के पदाधिकारी**

बहेराडीह स्थित वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहार साहू किसान स्कूल में रायगढ़ जिले के तमनार विकासखंड के प्रगतिशील किसानों और एफपीओ के पदाधिकारियों ने किसान स्कूल का विजिट किया और किसान स्कूल में हो रहे नवाचार, धरोहर, 6 फीट की धनिया सहित अन्य चीजों को देखकर खूब प्रभावित हुए।

किसान स्कूल के सेल्फी जोन में सभी किसानों को खुमरी पहनाकर सेल्फी ली गई।विजिट प्रोग्राम में जिंदल पॉवर प्लांट से गणेश निषाद, जल ग्रहण मिशन कचकोबा ब्लॉक तमनार के



जानकारी देते किसान स्कूल के संचालक।

अध्यक्ष हरिशंकर कंवर समेत रोहन गोड़, रविशंकर कंवर, मंगल सिंह राठिया, बैरागी चौहान, पूरन सिंह राठिया, धनमती कंवर, शांतिबाई, उरवासो कंवर, राधिका रावत, कोता कंवर, एफपीओ जरेकेला से कर्तिकेश्वर सिदार, तमनार से रमेश केंवट आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव और संरक्षक डॉ सुरेश कुमार देवांगन ने बताया कि जिंदल फाउंडेशन के मार्गदर्शन में तथा नाबार्ड एवं वाटर शेड मिशन के सहयोग से जल, जंगल और जमीन को बचाने के उद्देश्य को लेकर काम कर रहे रायगढ़ जिले के चार एफपीओ के पदाधिकारी कृषि मॉडल को देखने और प्रशिक्षण के लिए किसान स्कूल आयेंगे। इस दौरान पशु सखी पुष्पा यादव समेत किसान स्कूल की टीम उपस्थित थे।





